53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.0°c अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:00, सूर्यास्त - 6:06 | वर्ष : 53/ अंक : 42 | बुधवार, 12 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सम्भव की सीमा जानने का केवल एक ही तरीका है, असम्भव से भी आगे निकल जाना...।

पंजाब को एक मॉडल राज्य बनाएंगे : भगवंत मान



केजरीवाल को लेकर कोई योजना है क्या?.....

# बेअसर रहे नगर क्षेत्र में डीएम के साप्ताहिक अवकाश के आदेश

## ▶ बाजारों में एक-दूसरे को देख खुल गई अधिकांश दुकानें ▶ पुलिस-प्रशासन के ढुलमुल रवैये से दम तोड़ गई व्यवस्था





**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** बीते दिवस डीएम उमेश मिश्रा की पहल पर जनपद में शुरू साप्ताहिक बंदी कानून व्यवस्था पहले दिन ही नगरीय क्षेत्र में दम तोड़ गई, जिसके चलते बाजारों में साप्ताहिक बंदी बेअसर रही। हालांकि इस बीच मुख्य बाजारों में बड़ी संख्या में यहां साप्ताहिक अवकाश के दिन बाजार बंद ही रहे, लेकिन कुछ इलाकों में ऐसे में सामान्य दिनों की तर्ज पर यह बाजार खुले रहे। डीएम की पहल पर साप्ताहिक अवकाश के लिए नगर क्षेत्र में मंगलवार का दिन निर्धारित है। ऐसे बाजार में दुकानों पर काम करने वाले दैनिक मजदूरों को इससे राहत मिलती है।

जनपद में शुरू साप्ताहिक बंदी की व्यवस्था का दुकानदारों द्वारा पहले दिन जमकर मखौल उड़ाया गया। हालांकि सुबह के समय पूर्व की भांति सुबह 11 बजे तक तो अधिकांश बाजारों में दुकाने के शटर गिरे रहे, लेकिन सूर्य के आसमान की ओर बढ़ने के साथ ही कई मौहल्लों के साथ बाजारों में एक-दूसरे की देखा देखी अन्य दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर उठाने प्रारंभ कर दिए। जिले में शुरू हुई साप्ताहिक बंदी को लेकर मंगलवार को श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन भी गंभीर नजर नहीं आया, जिसके कारण डीएम के आदेशों का नगर में साप्ताहिक बंदी का खुला उल्लंघन किया गया और बेखौफ व्यापारी साप्ताहिक बंदी पर भी दुकान खोले बैठे रहे। कहना गलत न होगा कि नगर में अधिकांश दुकानदार एक-दूसरे दुकानदार की देखा देखी अपनी दुकानों को खोलकर साप्ताहिक बंदी का मजाक बना रहे हैं। कुछ दुकानदारों का कहना है कि उक्त साप्ताहिक बंदी में जब भी कोई दुकानदार ऐसे में चोरी-छिपे अपनी दुकान खोलता है तो फिर दूसरे दुकानदार को भी अपनी दुकान खोलने का लालच आ जाता है। जिसके चलते देखा देखी ही फिर सारा बाजार खुल जाता है। उधर, बड़ी संख्या में इन दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पूर्ण रूप से पालन होना चाहिए, ताकि कोई भी दुकानदार दुकान न खोल सके। दुकानदारों का यह कहना है कि एक सप्ताह में एक बार बाजार पूर्ण रूप से अवश्य बंद हो ताकि दुकानदार जिस दिन अपनी रिश्तेदारी या बाहर जाकर अपना सामान ला सके या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने जा सके। बता दें, बीते दिवस डीएम उमेश मिश्रा के आदेश पर वर्ष 2025 के लिए जारी सूची में उत्तर प्रदेश दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 के तहत अब नई मंडी, पटेल नगर, नई बस्ती, कंबल वाला बाग, नवीन मंडी स्थल, रामबाग रोड, भोपा रोड, गांधी कॉलोनी (उत्तर और दक्षिण) में रविवार और मुजफ्फरनगर शहर के अन्य सभी दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते पूर्णतः बंद रहेंगे। चरथावल टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान शनिवार, पुरकाजी (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें व वाणिज्य प्रतिष्ठान) गुरूवार और बुढ़ाना (तहसील परिसर में स्थित फोटो स्टूडियो और फोटो स्टेट की दुकानें) रविवार को बंद रहेंगी। बुढ़ाना (नगर क्षेत्र की अन्य सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) सोमवार, शाहपुर (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) रविवार, सिसौली (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) गुरूवार, खतौली (टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) सोमवार, जानसठ (टाउन एरिया सीमा के भीतर सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान) शनिवार, मीरांपुर टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठान शुक्रवार, भोकरहेड़ी टाउन एरिया सीमा के भीतर की सभी दुकानें और वाणिज्य प्रतिष्ठानों में साप्ताहिक बंदी शनिवार को निर्धारित की गई है।

# मंत्री अनिल कुमार की मांग पर यूपी में सार्वजनिक अवकाश

## ▶ मुख्यमंत्री से मिलकर मंत्री ने की थी अवकाश कराने की मांग
## ▶ संत रविदास जयंती पर आज रहेगा यूपी में सार्वजनिक अवकाश

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** जनपद के दलित नेता एवं योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री की पहल पर प्रदेश में प्रमुखता के साथ मनाए जाने वाले संत रविदास जयंती के पर्व पर योगी सरकार द्वारा दलित समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने पूर्व में इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए उन्हें समाज की भावना से अवगत कराते हुए संत रविदास जयंती पर यूपी में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह भी किया था। जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानते हुए संत रविदास जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मंत्री अनिल कुमार ने समाज की ओर से मुख्यमंत्री योगी का इसके लिए आभार व्यक्त किया है।
योगी सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार वेस्ट यूपी के दलित समाज के प्रमुख नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने पूर्व में यूपी में संत रविदास जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने को लेकर समाज के समस्त लोगों की प्रार्थना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 2 जनवरी को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने बताया था कि जिले में बीते करीब 20 वर्षों से हर वर्ष परम्परागत रूप से संत रविदास जी की जयंती पर डीएम द्वारा स्थानीय/सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता रहा है। डीएम मुजफ्फरनगर के कार्यालय अभिलेखों से इसकी पुष्टि करायी जा सकती है, परन्तु किन्हीं कारणवश वर्ष 2024 की अवकाश सूची में संत रविदास जयंती पर स्थानीय/सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया था। मंत्री ने अपने पत्र में कहा था कि तत्कालीन जिलाधिकारी से इस सम्बन्ध में वार्ता करते हुए संत रविदास के अनुयायियों द्वारा ज्ञापन दिए गए। तत्कालीन डीएम द्वारा सामान्य लोकसभा-2024 में व्यस्त होने के कारण इस पर खेद प्रकट करते हुए वर्ष-2025 की अवकाश सूची में आवश्यक रूप से संत रविदास जयंती पर स्थानीय/सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि जनपद-मुजफ्फरनगर में संत रविदास जी के अनुयायी अधिक संख्या में निवास करते हैं तथा संत रविदास जयंती पर शुक्रताल सहित जनपद में प्रत्येक गांव व कस्बों में धूमधाम से शोभायात्रा का आयोजन करते हुए पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने विशेष आग्रह करते हुए कहा कि संत रविदास के अनुयायियों की भावना के दृष्टिगत संत रविदास जयंती पर मुजफ्फरनगर समेत पूरे प्रदेश में निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर इस बार सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें। मंत्री अनिल कुमार के इस आग्रह को स्वीकार करते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मनाए जाने वाली संत रविदास जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसके लिए अपर मुख्य सचिव द्वारा शाम करीब 6:00 बजे आदेश जारी कर दिया गया है।




फाइल फोटो

# प्रेमी युगल ने खाया जहर, प्रेमिका की मौत, प्रेमी गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर मजरा बुच्चा बस्ती में प्रेमी युगल ने किया जहर का सेवन। उपचार के दौरान प्रेमिका की मौत। पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर में प्रेमी रजत पुत्र सुशील व प्रेमिका मनु पुत्री संतराम ने सोमवार को उस समय जहर का सेवन कर लिया, जब दोनों के परिजनों ने सगाई के बाद शादी से इंकार कर दिया। दोनों प्रेमी-प्रेमिका की सगाई उनके परिजनों ने अलग-अलग स्थान पर कर दी थी मगर यह बात प्रेमी युगल को गवारा नहीं थी। अपनी आन-बान की खातिर दोनों परिवार के लोग जब विवाह न करने पर अडिग रहे तो आज रजत व मनु ने जहर का सेवन कर लिया। बताया जाता है कि दोनों का प्रेम-प्रसंग पांच साल से था। परिजनों की हठधर्मिता के कारण उन्हें यह फैसला लेना पड़ा। दोनों बदहवास हालत में खेत में पड़े मिले। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें उत्तराखण्ड के झबरेड़ा के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान प्रेमिका की मंगलवार की सुबह मौत हो गयी और प्रेमी का गंभीरावस्था में उपचार चल रहा था। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### युवती के परिजनों ने लगाया जहर देने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** युवती की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को बयान देते हुए बताया कि दो दिन पहले रजत उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों का आरोप है कि युवक ने ही युवती को जहर दिया है। युवती की मां कमलेश ने युवक व परिजनों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है, वहीं थाना प्रभारी जयबीर सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत की मदद करने पर चर्चाओं में आया था रजत

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। आपको बता दें कि सोमवार की शाम प्रेम प्रसंग में जिस रजत ने युवती के साथ जहर खा लिया, यह रजत वही है, जिसने 30 दिसम्बर 2022 को उस समय चर्चाओं में आया था, जब भारतीय क्रिकेट टीम के क्रिकेटर ऋषभ पंत की कार उत्तराखंड की सीमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और रजत व उसके साथ नीशू ने ऋषभ पंत को घायल होने पर उन्हें कार से बाहर निकाला था और अस्पताल पहुंचाने में क्रिकेटर की मदद की थी, जिसके बाद हाल ही में दो माह पूर्व क्रिकेटर ऋषभ पंत ने रजत और नीशू को एक-एक स्कूटी तोहफे में भेजी थी। तभी से रजत के भलाई के कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही थी मगर आज जब रजत ने सोमवार को प्रेमिका के साथ जहर खाया तो फिर एक बार विभिन्न प्रकार की चर्चाएं समाज में होती दिखाई दी।**

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत में एक की मौत एक गम्भीर





**खतौली, 11 फरवरी (बु.)।** जानसठ मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ंत होने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को गांव घटायन निवासी सन्नी व सागर बाइक पर जानसठ रोड से जा रहे थे। बताया जाता है कि इस दौरान उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गयी। गंभीर दुर्घटना के फलस्वरूप बाइक सवार दोनों युवक बाइक से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल सन्नी को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल सागर को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा सन्नी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है।

### गंगनहर में युवती की डूबने से मौत

**खतौली, 11 फरवरी (बु.)।** गंगनहर में डूबने से युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ की। मिली जानकारी के अनुसार खतौली गंगनहर में एक युवती को पड़ा देखकर लोगों की भीड़ जुट गयी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि युवती की गंगनहर के गहरे पानी में डूबने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के प्रयास से युवती की पहचान उजमा पुत्री अनीस निवासी जैन नगर कॉलोनी खतौली के रूप में हुई। पुलिस द्वारा तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा युवती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर मृतका के परिजन भी रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए। युवती की मौत किस कारणवश हुई, पुलिस इस सम्बंध में जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# मीनाक्षी चौक पर पुलिस बूथ में घुसी कार, हैड कांस्टेबल चोटिल

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** नगर के मीनाक्षी चौक पर मंगलवार की दोपहर एक कार अनियंत्रित होकर पुलिस बूथ में जा घुसी, जिसमें वहां तैनात हैड कांस्टेबल को चोट आई। पुलिस का कहना है कि दोपहर के समय जिस समय वे पुलिस बूथ पर खड़े होकर अपनी ड्यूटी कर रहे थे, उसी समय एक अनियंत्रित कार यूपी 14 बी जे 3888 उन्हें टक्कर मारती हुई सीधा बूथ में जा घुसी, जहां कार चालक ने हैड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह को भी टक्कर मार दी, जिसमें उन्हें चोटें आई। घटना के बाद पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया। कार चालक से जब उसका ड्राइविंग लाइसेंस मांगा गया तो उसके पास लाईसेंस नहीं था, इस पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उसका 7000 रुपये का चालान काटकर उसे छोड़ दिया।







# ट्रेन की चपेट में आकर होमगार्ड के पुत्र की मौत

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में एटूजेड कॉलोनी के पास ट्रेन की चपेट में आकर होमगार्ड के बेटे की मौत। मंगलवार को एटूजेड कॉलोनी के निकट रेलवे ट्रैक पर पुलिस को एक शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। युवक की जेब से जब मोबाइल निकाला गया तो मोबाइल चार्ज न होने के कारण बंद था। पुलिस द्वारा मोबाइल चार्ज कराया गया, जिसके बाद मोबाइल की मदद से ही उसकी शिनाख्त शिवा निवासी पिमौडा, जानसठ के रूप में हुई। जानकारी मिली कि मृतक के पिता सुखपाल जानसठ थाने में होमगार्ड के रूप में कार्यरत हैं। पुलिस ने बताया कि शिवा घर पर मुजफ्फरनगर जाने की बात कहकर निकला था, जिसका मोबाइल लगातार बंद आ रहा था।

# कीया मोटर्स स्वामी ने ग्राहकों को डिलीवरी देनी की शुरू

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** आपको बतादें कि सोमवार को कीया मोटर्स पर उस समय हंगामा हो गया था, जब सस्ती गाड़ी दिलाने के नाम पर कीया शोरूम के कर्मचारी मेरठ निवासी जुहैब ने ग्राहकों से लाखों रूपये लेकर फरार हो गया था। उक्त मामले में पुलिस ने कल ही शोरूम मालिक के भाई को अपनी हिरासत में ले लिया था। मंगलवार को दिन निकलते ही फिर से एक बार ग्राहकों का तांता कीया मोटर्स पर लगा रहा, जिसमें शोरूम मालिक ने सबसे पहले उन लोगों की समस्या का समाधान किया, जिन्हें गाड़ी दहेज में देनी थी। अपने मेरठ स्थित शोरूम से गाड़ी मंगाकर ग्राहकों को गाड़ी की डिलीवरी दी गयी। उसके बाद किस-किस से कितना पैसा जमा किया हुआ, उसका पूरा हिसाब शोरूम मालिक द्वारा ग्राहकों से लिया गया। मंगलवार को जुहैब के अलावा अन्य कर्मचारियों को पुलिस ने थाने में पूछताछ हेतु बुलाया। इसी दौरान पुलिस मेरठ भी जुहैब के घर पर दबिश देने के लिए गयी। समाचार लिखे जाने तक जुहैब की गिरफ्तारी नहीं हो पायी थी, मगर अच्छी बात यह रही कि शोरूम स्वामियों ने ईमानदारी के साथ ग्राहकों को डिलीवरी देनी शुरू की।

### कर्मचारी ने फ्रॉड करने में शामली के एक इंस्पेक्टर को भी नहीं बख्शा

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** कीया शोरूम से जुड़े विवाद में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें शामली जिले में तैनात एक इंस्पेक्टर ने अपनी बहन के लिए एक कार की बुकिंग करने के लिए खुद की कार को एक कार डीलर की बेचा था, जिसका पेमेंट 9 लाख 50 हजार महलकी मोटर्स मेरठ के खाते में ट्रांसफर किया था, जिसके बाद इंस्पेक्टर साहब को समाचार पत्रों के माध्यम जब इस बड़े घोटाले की सूचना न्यूज पेपर के माध्यम से लगी। वहीं दूसरे दिन वो भी कीया शो रूम पर पहुंचे और चिंतित नजर आएं। फिलहाल पीड़ितों की श्रेणी में शामली जिले में तैनात इंस्पेक्टर साहब भी दिखाई दिए, जिनका समाधान कराने के लिए मंसूरपुर पुलिस तत्पर दिखाई दी। जानकारी के अनुसार अब तक कीया शो रूम पर अब तक 25 से 30 पीड़ितों के साथ फ्रॉड का मामला सामने आ चुका है, जिसको लेकर पुलिस और कीया शोरूम से जुड़े मालिक पूरे दिन अंकगणित के गठजोड़ में जूझते दिखाई दिए।

# डोनाल्ड ट्रंप ने लगाई विदेशों में भ्रष्टाचार विरोधी कानून पर रोक

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे से पहले ही अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के लिए राहत भरी खबर आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस कानून को लागू करने पर रोक लगा दी है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देने से रोकता था। ट्रंप का कहना है कि यह कानून अमेरिकी कंपनियों के लिए नुकसानदेह है। इस फैसले के बाद मंगलवार को अडानी ग्रुप के सभी लिस्टेड शेयरों में अच्छी बढ़त देखी गई। ट्रंप ने इस एफसीपीए कानून को लागू करने में ढील देने का आदेश दिया है। मोदी 12 फरवरी से 13 फरवरी तक अमेरिकी की यात्रा पर होंगे। इस दौरान वह ट्रंप से भी मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पामेला बॉन्डी को निर्देश दिया है कि वे इस कानून के तहत कोई भी कार्रवाई तब तक न करें जब तक कि नए दिशानिर्देश जारी न हो जाएं। ये दिशानिर्देश एक फैक्ट शीट में दिए गए हैं। साथ ही एफसीपीए के तहत सभी मौजूदा और पिछली कार्रवाइयों की समीक्षा की जाएगी। व्हाइट हाउस के एक बयान के मुताबिक, 1977 में लागू होने के बाद से इस कानून का कई तरह से दुरुपयोग किया गया है। यह अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचाता है। एफसीपीए किसी भी अमेरिकी कंपनी या व्यक्ति को विदेशी अधिकारियों को पैसे या गिफ्ट देने से रोकता है ताकि विदेशों में व्यापार हासिल किया जा सके। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के दौरान इस कानून को खत्म करने पर विचार कर रहे थे। इससे पहले अमेरिका की संसद के छह सदस्यों ने नए अटॉर्नी जनरल पामेला बॉन्डी को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने अडानी ग्रुप के खिलाफ जो बाइडेन के समय अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से लिए गए 'संदिग्ध' फैसलों की समीक्षा करने की मांग की थी। सांसदों ने दावा किया कि अडानी ग्रुप के खिलाफ अभियोग से भारत के साथ संबंध खतरे में पड़ गए हैं। गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी सहित सात लोगों पर नवंबर 2024 को न्यू यॉर्क की एक कोर्ट में केस दर्ज हुआ था।

**मोदी के अमेरिकी दौरे से पहले गौतम अडानी को बड़ी राहत**




### छात्रा से छेड़छाड़ प्रकरण में शिक्षिका निलंबित, शिक्षामित्र होगा बर्खास्त

**लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा की सहायक शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है जबकि शिक्षामित्र पर बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है जिसकी संविदा समाप्त करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामला कक्षा पांच की छात्रा से एक दूसरे समुदाय के युवक द्वारा किए गए छेड़छाड़ का है। कंपोजिट विद्यालय जमुनहा में कक्षा पांच की एक दलित छात्रा मंदबुद्धि है जिसके साथ विगत बृहस्पतिवार को विद्यालय के निकट बिरयानी की दुकान कर रहे अफजल ने दुष्कर्म की नियत से छेड़छाड़ किया था। इस मामले में विद्यालय में तैनात सहायक शिक्षिका रफअत जहां व शिक्षामित्र पवन कुमार वर्मा ने पुलिस को सूचना न देकर मामले को रफादफा करा दिया था।

# मंडी समिति अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के नोटिस का खुलासा करने पर भड़के व्यापारी नेता



मंडी समिति निदेशक अनुज कुमार

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** मंडी समिति में कुछ समय से बड़ी राजनीति चल रही है और सम्भावना जताई जा रही है कि उक्त राजनीति के चलते व्यापारी आपस में किसी दिन गुथमगुथ्था होते दिखाई देंगे। दरअसल कुछ कारोबारियों को जीएसटी विभाग द्वारा पूरा टर्न ओवर ना दिखाये जाने पर नोटिस दिये गये थे, जिसमें मंडी समिति को दिये गये विवरण व जीएसटी पोर्टल पर दर्शाये गये विवरण में भारी अंतर पाया गया था, इसी के चलते मंडी समिति द्वारा इन नोटिसों का डाटा कहीं लीक किया गया। डाटा लीक होने के बाद व्यापारी नेता संजय मित्तल ने मंडी समिति के निदेशक अनुज कुमार को हिदायत देते हुए कहा कि वें सरकारी कागज को किसी भी सूरत में सार्वजनिक ना करें। यह व्यापारियों और मंडी समिति के बीच का आपसी मामला है, यदि इसे सार्वजनिक किया गया तो व्यापारी खुलकर उनके दफ्तर में आकर उनका विरोध करेंगे। इस पर मंडी समिति निदेशक अनुज कुमार ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि मंडी समिति के अध्यक्ष संजय मित्तल का सोमवार की रात उन्हें फोन आया था और उन्होंने यही बात फोन पर कही कि आपके द्वारा या आपके कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के नोटिस लीक किये जा रहे हैं, यदि कोई भी कर्मचारी व्यापारियों के नोटिस लीक करने में संलिप्त पाया गया तो वें उसे सस्पेंड कराकर ही रहेंगे। व्यापारी नेता संजय मित्तल का कहना है कि हर वस्तु पर मंडी शुल्क नहीं है। किसी वस्तु पर है किसी पर नहीं और व्यापारियों पर जो भी नोटिस आए हुए हैं, वह उसका जवाब देने में सक्षम हैं, मगर वे किसी भी सूरत में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े।



व्यापारी नेता संजय मित्तल

## मेरठ में गला काटकर किसान की हत्या

मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)। हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव लुकाधाडी के जंगल में एक किसान की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। गांव इकवारा निवासी रवि (52) पुत्र त्रिलोकी गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर गजपुरा के जंगल में अपने खेत पर खड़ी गेहूं की फसल को पानी लगाने के लिए सोमवार शाम को गया था। ग्रामीणों ने बताया कि अकसर वह अपने खेत पर लगी ट्यूबवेल पर रात में ही फसलों को पानी दिया करता था। मंगलवार की सुबह लुकाधाडी के जंगल में रवि का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। उसकी गला काटकर हत्या की गई थी। कुछ ग्रामीणों ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान इकवारा और दर्जनों ग्रामीण भी घटनास्थल पर आ गए। ग्रामीणों ने शव की पहचान रवि के रूप में कराई।

## चीनी मांझे से बाइक सवार की गर्दन कटी

मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)। पुलिस चाहे जितने भी दावे कर ले, चीन के मांझे की बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। सोमवार देर शाम लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में हापुड़ रोड पर बाइक सवार काजीपुर निवासी प्रवीण (35) की गर्दन चीन के मांझे से कट गई। उसकी दो उंगली भी जख्मी हो गई। बाइक से गिरने से उनकी पत्नी स्वाति और बेटा घायल हो गए। प्रवीण की गर्दन पर 25 टांके लगे हैं। उनकी हालत गंभीर बताई गई है। लोहियानगर थाना क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी प्रवीण पुत्र ओमप्रकाश श्रमिक है। वह सोमवार को बाइक पर पत्नी स्वाति और सात साल के बेटे को लेकर खरीदारी के लिए बेगमपुल आ रहा था। उसने हेलमेट भी लगा रखा था। देर शाम करीब सात बजे जब वह हापुड़ रोड पर बस अड्डे और पेट्रोल पंप के बीच पहुंचा। तभी लिसाड़ीगेट की ओर से कटकर आई पतंग का चीनी मांझा उसकी गर्दन में लिपट गया। मांझा हटाते समय उनके हाथ की दो उंगली जख्मी हो गईं। इसी दौरान उनकी बाइक गिर गई। प्रवीण और उसकी पत्नी तथा बेटा भी गिरने से घायल हो गए। प्रवीण उठा तो गर्दन कटने से वह लहूलुहान हो गया। यह देख कर पत्नी स्वाति चीख पड़ी।

## नाले में गिरा 24 साल का युवक, मौत

मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)। नौचंदी थाना क्षेत्र में गढ़ रोड पर आम्रपाली सिनेमा के निकट सब्जी विक्रेता राहुल (24) खुले नाले में गिर गया। बाहर निकालकर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गढ़ रोड की वैशाली कॉलोनी निवासी राहुल सब्जी बेचता था। सोमवार शाम वह आम्रपाली सिनेमा के पास घूम रहा था। अचानक ही संतुलन बिगड़ने पर वह खुले नाले में गिर गया। निकलने की कोशिश की, लेकिन बाहर नहीं आ पाया। आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह बाहर निकाला। मुंह में नाले का गंदा पानी भरने से वह बेहोश हो गया। उसे लोकप्रिय अस्पताल ले जाया गया। तब तक उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर परिजन भी रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इंकार कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। राहुल की मौत के बाद पिता रामविलास और भाई दिनेश व पंकज का रोते हुए बुरा हाल हो गया। नालों में गिरकर आए दिन होने वाली मौतों को लेकर क्षेत्र के लोगों में रोष है।

## सहारनपुर में कुत्तों ने 10 साल के मासूम को नोंचकर मार डाला

सहारनपुर, 11 फरवरी (एजेंसी)। रामपुर मनिहारान के गांव इस्लामनगर में मंगलवार शाम कुत्तों ने झुंड ने पुरुषोत्तम (10) पुत्र मदन कश्यप पर हमलाकर उसे नोच-नोचकर मार डाला। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण उस तरफ दौड़े, लेकिन तब तक बालक ने दम तोड़ दिया था। इसी गांव में छह माह पहले भी कुत्तों ने हमलाकर चार साल के विशांत को मार डाला था। गांव निवासी मदन कश्यप मजदूरी करता है। शाम के समय उसका बेटा पुरुषोत्तम घर के बाहर खेल रहा था। वह खेलते-खेलते थोड़ी दूर खेतों की तरफ निकल गया। उसे अचानक कुत्तों के झुंड ने घेर लिया और हमला कर दिया। उसकी चीख सुनकर कुछ दूरी पर मौजूद बच्चों ने गांव आकर इसकी जानकारी दी। ग्रामीण और परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने कुत्तों को भगाया। परिजन खून से लथपथ बालक को उठाकर डॉक्टर के पास ले जाने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आवारा कुत्तों का आतंक है। बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी डर लगता है। पुरुषोत्तम चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। बता दें, कि छह माह पहले भी इसलामनगर के मजरे काजीपुरा में कुत्तों के झुंड ने चार साल के विशांत पुत्र विनय को नोचकर मार डाला था। विशांत परिवार में इकलौता पुत्र था।

## अमेरिकी टैरिफ नीति से व्यापार युद्ध छिड़ने के खतरे से बाजार में हा-हाकार

मुंबई 11 फरवरी (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा से व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1018.20 अंक अर्थात 1.32 प्रतिशत का गोता लगाकर 76,293.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 309.80 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 2.88 प्रतिशत कमजोर होकर 40,946.22 अंक और स्मॉलकैप 3.40 प्रतिशत लुढ़ककर 47,369.27 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4097 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3478 में बिकवाली जबकि 525 में लिवाली हुई वहीं 94 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 44 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य छह में तेज़ी रही।

## तेजस के इंजन मिलने पर बनी सहमति, वायु सेना को जल्द मिलेगी 83 विमानों की खेप: एचएएल

बेंगलुरु 11 फरवरी (वार्ता) भारतीय वायु सेना को मिलने वाले 83 स्वदेशी लड़ाकू विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। तेजस के लिए अमेरिकी कंपनी जीई से मिलने वाले इंजन 404 की आपूर्ति पर सहमति बन गयी है और पहला इंजन इस वर्ष मार्च में तथा इस वर्ष के अंत तक कुल 12 इंजन मिल जायेंगे। तेजस का निर्माण करने वाली हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने कहा है कि इंजन 404 के साथ साथ तेजस मार्क वन के लिए इंजन 414 की आपूर्ति सुचारू होने पर वह 2031-32 तक सभी 180 तेजस विमानों की आपूर्ति कर देगी। एचएएल के मुख्य प्रबंध निदेशक डी के सुनील ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जीई के साथ शीर्ष स्तर पर बातचीत हुई है और इंजन 404 की आपूर्ति पर सहमति बन गयी है। उन्होंने कहा कि पहला इंजन इस वर्ष मार्च में और बाकी 11 इस वर्ष के अंत तक मिल जाएंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में बदलाव, बुमराह-जायसवाल बाहर; हर्षित-वरुण को मौका

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ में चोट के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 15 सदस्यीय स्क्वॉड का हिस्सा बनाया गया है, वह यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपडेटेड स्क्वॉड का एलान कर दिया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ में चोट के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 15 सदस्यीय स्क्वॉड का हिस्सा बनाया गया है, वह यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल होंगे।

## मुरादाबाद: दावत का खाना खाकर 60 से अधिक फूड पॉइज़निंग के शिकार

मुरादाबाद, 11 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में शिक्षक के लगन की दावत खाने से फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आए 60 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। हालत बिगड़ने पर लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें कई उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में भर्ती हैं जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना उत्तराखंड की सीमा से सटे थाने ठाकुरद्वारा ब्लाक क्षेत्र के गांव फरीदपुर की है। उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह ने मंगलवार को घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बीती रात लगभग आठ साढ़े आठ बजे उन्हें सूचना मिली थी कि ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर में सोमवार शाम को गांव के शिक्षक राजपाल सिंह के बेटे विपिन कुमार का लगन था। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के महाखेडा गंज से लगन आया था जिसको लेकर दावत का कार्यक्रम था। दावत में रिश्तेदारों के अलावा काफी संख्या में आस-पड़ोस के लोग शामिल हुए थे।

# पालिका में माली ने ताक पर रख दिए चेयरपर्सन के आदेश

### रिकॉर्ड रूम में बिना आदेश ड्यूटी करते पकड़ा गया था माली
### तबादला आदेश लेने से किया इंकार, चेयरपर्सन नाराज

मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। पालिका चेयरपर्सन के मृदु व्यवहार व सज्जनता का पालिका के अधिकारी और कर्मचारी गलत फायदा उठा रहे हैं। ऐसे में कई मुद्दों में पालिका परिषद के साथ बड़ी रहकर गलतियों व भ्रष्टाचार तक में अभयदान से सुधारात्मक व्यवस्था बनाने में जुटी चेयरपर्सन के आदेशों को अफसर तो छोड़ें, चपरासी और यहां तक कि माली भी गंभीरता से नहीं ले रहे। पहली बार चेयरपर्सन ने एक राजस्व निरीक्षक पर कार्यवाही की। ऐसे में उन्होंने बिना आदेश के मनमानी व्यवस्था के तहत कम्पनी बाग को छोड़कर रिकार्ड रूम में ड्यूटी करने वाले एक माली के खिलाफ कलम चलाई तो उनके आदेशों को माली ने ताक पर रखते हुए उद्दंडता करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी और तबादला आदेश ही लेने से साफ इंकार कर दिया। इसे लेकर पालिका में चर्चा है।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बीते दिनों नगरपालिका कार्यालय पहुंच कर वहां की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया था। इस बीच पालिका के कंपनी बाग में कार्यरत माली शैलेन्द्र कुमार उन्हें रिकॉर्ड रूम में कार्यरत मिला था। जानकारी करने पर पता चला कि माली शैलेन्द्र का कंपनी बाग से तबादला रिकॉर्ड रूम में नहीं किया गया और न कोई भी आदेश उनके या ईओ द्वारा दिए गए हैं। ऐसे में मनमानी व्यवस्था में माली शैलेन्द्र बिना कोई आदेश अपना कार्यस्थल कम्पनी बाग छोड़कर रिकॉर्ड रूम में कार्य कर रहा था। इसे लेकर चेयरपर्सन ने उस वक्त कड़ी नाराजगी जताते हुए रिकॉर्ड रूम के प्रभारी लिपिक तनवीर आलम को कड़ी फटकार लगाते हुए उनके आचरण को लेकर सवाल उठाये थे, क्योंकि माली ने बताया था कि वो रिकॉर्ड रूम प्रभारी तनवीर के कहने पर यहां कार्य कर रहे हैं। चेयरपर्सन की नाराजगी के बावजूद रिकॉर्ड रूम में माली शैलेन्द्र का कार्य करना रहा और उसके खिलाफ कम्पनी बाग नहीं भेजा गया।

पालिका सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने राजस्व निरीक्षक विजय कुमार को क्षेत्र से हटाकर मुख्य कार्यालय अटैच कर दिया था। इसी के साथ उन्होंने माली शैलेन्द्र का स्थानांतरण नगर पालिका कन्या इण्टर कॉलेज में करते हुए इसके आदेश जारी कर दिए। यह आदेश पालिका पहुंचे तो इनको माली शैलेन्द्र को तामील कराने जब कर्मचारी आदेश पत्र लेकर गया। सूत्रों का कहना है कि शैलेन्द्र माली ने चेयरपर्सन का ये तबादला आदेश लेने से इंकार कर दिया और पूरी उद्दंडता की। चेयरपर्सन का यह आदेश पत्र इस लिखित टिप्पणी के साथ वापस कर दिया कि माली शैलेन्द्र ने आदेश लेने से इंकार कर दिया।

### नगर पालिका से गुम हो रहे चेयरपर्सन के आदेश, बोर्ड में उठ चुका यह मुद्दा

मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद् में चेयरपर्सन के आदेशों की क्या गंभीरता है, यह माली के व्यवहार से सामने आ रहा है। इससे साफ है कि उनके आदेशों की पालिका में बड़े और छोटे दोनों स्तरों पर अवहेलना हो रही है। इतना ही नहीं, उनके द्वारा जो आदेश जारी करते हुए पत्र पालिका में भेजे जा रहे हैं, उनमें से कई महत्वपूर्ण आदेश वाले पत्र ही गुम कर दिये गये हैं। पालिका में गुम हो रहे ऐसे आदेशों को लेकर एक अधिकारी के खिलाफ पिछले दिनों चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सख्त टिप्पणी के साथ पत्र जारी किया। यह पत्र पालिका के मुख्य कार्यालय तक पहुंचा। वहां रिसीव किया गया, लेकिन इसके बाद इस पत्र का कोई अता-पता नहीं चला। जब पत्र के संबंध में अधिकारी से मौखिक जवाब मांगा गया तो अधिकारी ने साफ कह दिया कि उनको कोई पत्र ही नहीं मिला। इसके बाद दूसरा पत्र जारी किया गया। उनके आदेश पत्र गायब होने का मामला पिछले दिनों हुई बोर्ड बैठक में सभासदों ने मुखरता के साथ उठाया और इसके लिए जांच की मांग भी की गई थी। सदन में इसे बोर्ड और चेयरपर्सन के अधिकारों का हनन बताते हुए वार्ड सभासदों ने कड़ा रूख अपनाते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

इसके साथ ही वो अवकाश पर चला गया। इसकी जानकारी चेयरपर्सन को मिली तो उन्होंने उक्त कर्मी के आचरण के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कार्य के प्रति लापरवाही और आदेशों की अवहेलना करने जैसे कृत्य किसी भी रूप में क्षम्य नहीं होंगे। यदि माली ने स्कूल में योगदान नहीं किया गया तो कड़े कदम उठायेंगे। पालिका में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एडीजी प्रयागराज सहित दो वरिष्ठ आईपीएस को दी सस्पेंड करने की चेतावनी

### महाकुंभ में महाजाम को लेकर सीएम योगी नाराज, देर रात बैठक कर लगाई अफसरों की क्लास

लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में तीनों मुख्य स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दे रही है। दावा किया जा रहा है कि महाकुंभ समापन के 15 दिन पहले ही 11 फरवरी को सुबह 8 बजे तक 45 करोड़ का आंकड़ा पार हो गया है। इस तरह रोजाना लाखों-करोड़ों की तादाद में श्रद्धालु संगम स्नान करने आ रहे हैं। जिसकी वजह से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर कई किलोमीटर तक जाम लग रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव लगातार ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच सोमवार देर रात सीएम योगी ने बैठक कर दो जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 फरवरी को अधिकारियों के साथ महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में प्रयागराज समेत कई जिलों में जिम्मेदार अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े थे। इस बैठक के दौरान सीएम योगी ने जाम की समस्या को लेकर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। मुख्यमंत्री ने दो उच्च स्तरीय (आईपीएस) अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। सूत्रों के मुताबिक सीएम योगी ने प्रयागराज के एडीजी और एडीजी ट्रैफिक को फटकार लगाई है। इतना ही नहीं, ट्रैफिक व्यवस्था से नाराज सीएम योगी ने अधिकारियों को सस्पेंड करने की भी चेतावनी दे दी है। साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जरूरी दिशा निर्देश भी दे दिए हैं। सीएम ने अधिकारियों को आने वाले दिनों के लिए वहां पर बेहतर ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कहीं भी ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि जरूरत के हिसाब से शटल बसों का इस्तेमाल किया जाए। इनकी संख्या बढ़ाई जाए। सड़कों पर गाड़ियों की कतार न लगे। कहीं भी सड़क पर गाड़ी खड़ी ना होने दें। प्रयागराज से सटे जिलों के डीएम लगातार प्रयागराज प्रशासन के संपर्क में रहे।



मेला क्षेत्र में भीड़ का दबाव न बने इसके लिए जरूरत के हिसाब से बैरीकेडिंग लगाई जाए। टोल के नाम पर जाम न लगने पाए। साथ ही अतिरिक्त महाकुंभ भेजे गए पुलिस अधिकारियों को जरूरत के हिसाब से ट्रैफिक मैनेजमेंट में लगाने की भी बता कही है। बता दें, महाकुंभ को लेकर हर दिन उमड़ रहे जनसैलाब की वजह से योगी सरकार ने पूरे महाकुंभ के दौरान जिस 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आंकड़े का अनुमान लगाया था, वो आंकड़ा महाकुंभ के समापन के 15 दिन पहले ही करीब-करीब छू लिया है। सरकार की ओर से किये गए दावे के मुताबिक, मंगलवार सुबह 8 बजे तक 45 करोड़ का आंकड़ा पार हो गया है।


## पूर्व सांसद कादिर राणा ने कराए रिकॉल वारंट

मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व सांसद कादिर राणा द्वारा एमपीएमएलए कोर्ट में पहुंचकर रिकॉल वारंट कराए। वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर पूर्व मंत्री सईदुज्जमा ने लोकसभा का चुनाव लड़ा था। प्रत्याशी के समर्थन में खालपार के फक्करशाह चौक पर बिना अनुमति के एक जनसभा आयोजित की गयी थी। बगैर अनुमति जनसभा करने के आरोप में पुलिस की ओर से पर्व मंत्री सईदुज्जमा, पूर्व सांसद कादिर राणा के साथ एहसान, शमीम काला, सलीम व सादिक के खिलाफ आचार संहिता का मामला दर्ज कराया गया था, जिसकी सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। उक्त मामले में पूर्व मंत्री सईदुज्जमा व पूर्व सांसद कादिर राणा के पेश न होने पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किये गए हैं। सोमवार को जीएसटी टीम पर हमले के मामले में पूर्व सांसद को हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद मंगलवार को पूर्व सांसद एमपीएमएलए कोर्ट में पेश हुए, जहां कोर्ट ने उनके प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए उनके वारंट रिकॉल कर दिये। हालांकि इस मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी नियत की गयी है।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस में दुनिया को दिया एआई का मंत्र

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)। पीएम मोदी ने पेरिस एआई एक्शन समिट में शिरकत की और एआई का मंत्र दुनिया को देते हुए कहा कि ये हजारों जिंदगी बदल सकता है, इससे डरने की जरूरत नहीं। इससे नए रोजगार पैदा हो सकते हैं।हालांकि एआई से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए उन्होंने वैश्विक मानकों की जरूरत की बात जरूर कही। साथ ही ये भी बताया कि एआई को अपनाने के साथ डेटा प्राइवेसी के लिए प्रौद्योगिकी और कानूनी आधार तैयार करने में भी भारत सबसे पहले आता है। पीएम ने बड़े विनम्र भाव से ये भी कहा कि भारत अपना अनुभव और विशेषज्ञता शेयर करने के लिए तैयार है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि एआई का भविष्य सबके लिए अच्छा हो। बता दें कि इसी तरह का समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि एआई के जरिए जो गलत हो रहा है उस पर लगाम लगानी जरूरी है। गलत सूचनाओं और डीपफेक से बचना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि अगला एआई समिट करने में हमें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि एआई के लिए ग्लोबल पार्टनरशिप बनाएं। पीएम मोदी ने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साझा मूल्यों को बनाए रखने और जोखिमों से निपटने के लिए यह जरूरी है। पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा पर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआई राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को बदल रहा है। पीएम ने कहा कि संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधा इस सदी में मानवता के लिए रूपरेखा लिख रही है।



# माघी पूर्णिमा स्नान से पहले महाकुंभ में नया ट्रैफिक प्लान लागू

प्रयागराज, 11 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघी पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार जारी है। 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के मौके पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए इस प्रकार की व्यवस्था की गई। नए ट्रैफिक

### 13 फरवरी तक नो व्हीकल जोन, सात रूटों पर श्रद्धालुओं को जाम से बचाने की तैयारी

डायवर्जन प्लान को सोमवार रात 8 बजे से लागू कर दिया गया है। यह 13 फरवरी की सुबह 8 बजे तक लागू रहेगा। अगर भीड़ जैसी स्थिति बनी रह सकी है तो इस व्यवस्था को आगे भी बढ़ाया जाएगा। माघी पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में अमृत स्नान पर्व की तर्ज पर ही किसी प्रकार के वाहन की एंट्री को प्रतिबंधित कर दिया गया है। केवल प्रशासनिक और मेडिकल वाहन ही मेला में जा सकेंगे। स्नान पर्व के दिन अक्षयवट कॉरिडोर को बंद रखा जाएगा। यहां पर श्रद्धालु दर्शन के लिए नहीं जा सकेंगे। महाकुंभ में आने वाली गाउय़ों के लिए सभी रास्तों पर कुल 36 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। त्रिवेणी में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालु जीटी जवाहर से प्रवेश कर काली सड़क से काली रैंप होते हुए संगम अपर मार्ग से संगम तट तक पहुंचेंगे। वापसी के क्रम में श्रद्धालु पैदल संगम क्षेत्र से अक्षयवट मार्ग होते हुए इंटरलॉकिंग का इस्तेमाल कर त्रिवेणी मार्ग होते हुए गंतव्य की तरफ वापस जाएंगे। जौनपुर रूटः जौनपुर की तरफ से आने श्रद्धालु अपने वाहनों को चीनी मिल पार्किंग, पूरे सूरदास पार्किंग, गोरापुर रोड, समयामई मंदिर कछार पार्किंग और बदरा सोनौटी रहीमापुर मार्ग उत्तरी-दक्षिणी पार्किंग में खड़ी करेंगे। इसके बाद पैदल ओल्ड जीटी मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। वाराणसी की तरफ से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को महुआ बाग थाना झूंसी पार्किंग (अखाड़ा पार्किंग), सरस्वती पार्किंग, झूंसी रेलवे स्टेशन, नागेश्वर मंदिर पार्किंग, ज्ञान गंगा घाट, छतनाग पार्किंग और शिव मंदिर उस्तापुर महमूदाबाद पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर पैदल छतनाग मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। लखनऊ और कुंडा की तरफ से आने वाले वाहनों को

# प्रयागराज से वापस लौट रही ट्रैवलर जबलपुर के पास ट्रक से टकराई, सात लोगों की मौत

जबलपुर, 11 फरवरी (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के जबलपुर के सिहोरा ब्लाक के मोहला गांव में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्रयागराज महाकुंभ से लौट रही ट्रैवलर बस को जबलपुर से कटनी जा रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें हैदराबाद के रहने वाले सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान कार भी टकरा गई। हादसे में दो अन्य घायलों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबलपुर के पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के मुताबिक फिलहाल मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम के लिए शवों को भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह लगभग 8.45 बजे सिहोरा के ग्राम मोहला बरगी के पास हुआ। ट्रक का टायर एकाएक फटा जिस वजह से वह अनियंत्रित होकर कार को टक्कर मारते हुए गलत दिशा में पहुंच गया। वहां प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एल 9105 जबलपुर से पुट्टी लेकर कटनी की ओर जा रहा था। सुबह लगभग 8:45 बजे सिहोरा के ग्राम मोहला बरगी के पास ट्रक का टायर अचानक फटा। वह एक कार को टक्कर मारते हुए गलत साइड में पहुंच गया। प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर एपी 29 डब्ल्यू 1525 को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हासदे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और राहत बचाव का कार्य शुरू कर दिया।

कलेक्टर और एसपी भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा- जबलपुर जिले के सिहोरा में नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर प्रयागराज से वापस आ रही ट्रैवलर और




ट्रक की भीषण सड़क दुर्घटना में आंध्र प्रदेश राज्य के तीर्थयात्रियों की असामयिक मृत्यु एवं घायल होने का समाचार अत्यंत ही दुखद है। मेरी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि घायलों का समुचित उपचार एवं सभी मृतकों के परिजनों से संपर्क कर पार्थिव देह को पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों

# हमारा पंजाब मॉडल पूरा देश देखेगा : भगवंत मान

### दिल्ली में हार के बाद पंजाब पहुंचे केजरीवाल ने कपूरथला हाउस में की विधायकों संग बैठक

चंडीगढ़, 11 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में हार के बाद से आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पंजाब के विधायकों की आज मीटिंग बुलाई थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी पंजाब के विधायकों की बैठक के चलते सोमवार को होने वाली कैबिनेट मीटिंग को भी स्थगित कर दिया गया था। आप सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल के साथ मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब की पूरी कैबिनेट और हमारे सभी विधायकों की कपूरथला हाउस में हमारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मीटिंग हुई। आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई ने दिल्ली चुनाव के दौरान कड़ी मेहनत की थी, इसके लिए अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने पंजाब के नेताओं को धन्यवाद दिया। पंजाब में हमारी सरकार लोगों के हित में बहुत सारे काम कर रही है। चाहे वह बिजली के क्षेत्र में हो, शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हो। हमें इन कार्यों को और गति देनी है। सीएम मान ने कहा कि हम ऐसा पंजाब मॉडल बनाएंगे, जिसे पूरा देश देखेगा। दिल्ली में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के तरफ से बुलाई गई बैठक में शामिल होने के लिए पंजाब के विधायक 'कपूरथला हाउस' में पहुंचे थे। बैठक में आप सुप्रीमो के साथ दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे। पंजाब प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल बार-बार पंजाब के विधायकों, मंत्री और पदाधिकारियों को फोन करते हैं। पंजाब के विधायकों ने दिल्ली में बहुत मेहनत की और शायद यही कारण है कि वह उनसे मिलना चाहते हैं। बता दें कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतीं। अअढ को भारी झटका लगा, उसे केवल 22 सीटें हासिल हुईं। साल 2020 के चुनावों में आम आदमी पार्टी को 62 सीटें हासिल हुई थीं। हालांकि, ऐतिहासिक जनादेश के साथ बीजेपी 27 साल



# पुलिस भर्ती के लिए 479 अभ्यर्थी दौड़ीं, 125 रहीं असफल, तीन बेहोश

गाजियाबाद, 11 फरवरी (एजेंसी)। शारीरिक मापतौल और दस्तावेज परीक्षण के बाद सोमवार से महिला अभ्यर्थियों की दौड़ शुरू हो गई है। सोमवार को आरक्षी पद के लिए 500 महिला अभ्यर्थियों को दौड़ के लिए गोविंदपुरम स्थित पीएसी की 44वीं बटालियन परिसर में बुलाया गया। 500 में से 479 अभ्यर्थियों ने दौड़ में भाग लिया। इनमें से 21 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहीं। जबकि दौड़ के दौरान तीन अभ्यर्थी बेहोश हो गई। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया और उपचार के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। डीसीपी राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार को गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत और शामली की 500 महिला अभ्यर्थियों की दौड़ कराई गई। दौड़ में 479 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 21 अनुपस्थित रहीं। 2400 मीटर की दौड़ पूरी करने की समयावधि 14 मिनट निर्धारित है। 150-150 की संख्या में दौड़ कराई गई। निर्धारित समयावधि में 354 महिला अभ्यर्थियों ने दौड़ पूरी की जबकि 125 असफल रहीं। तीन अभ्यर्थी दौड़ के दौरान बेहोश हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार और बुधवार को भी महिला अभ्यर्थियों की दौड़ होगी। करीब दो हजार अभ्यर्थी दौड़ में शामिल होंगी। गौरतलब है कि बीते साल 26 दिसंबर को पुलिस लाइन में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत और शामली के 23,086 महिला और पुरुष अभ्यर्थियों के शारीरिक मापतौल और शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच हुई। इसमें से 13954 महिला और पुरुष अभ्यर्थी सफल रहे। अब इनकी दौड़ कराई जा रही है। गोविंदपुरम स्थित 44वीं पीएसी बटालियन परिसर के बाहर टहल रहे ओमवीर सिंह ने बताया कि वह गांव कसेरुआ कलां जनपद शामली के निवासी हैं। बताया कि उनका बड़ा बेटा संजय कुमार दिल्ली पुलिस में है और उनकी दो बेटियां यूपी पुलिस की तैयारी कर रही हैं।

# दिल्ली में भाजपा सरकार बनने से मथुरा में यमुना को निर्मल देखने का सपना होगा पूरा: हेमामालिनी

मथुरा, 11 फरवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में मथुरा की सांसद हेमामालिनी ने आज संसद में बजट में हो रही चर्चा में भाग लेते हुए उम्मीद जताई कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने से ब्रजवासियों का स्वच्छ एवं निर्मल यमुना देखने का सपना पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा यमुना की सफाई न कराने के कारण मथुरा में भी यमुना निर्मल नही हो रही थी।अब दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद मथुरा की यमुना भी शुद्ध हो जाएगी इससे वे स्वयं तथा ब्रजवासी खुश हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नारी शक्ति का प्रतीक हैं ,यह उनका आठवां बजट है जो एक रेकार्ड है।उन्होंने केन्द्रीय बजट में आयकर की सीमा ऐतिहासिक रूप से बढ़ाकर जिस प्रकार 12 लाख रूपए कर दी है उससे वेतनभोगी मध्यम वर्ग को बहुत अधिक राहत मिलेगी। बजट में नारी शक्ति के उत्थान एवं महिलाओं,किसानों तथा मध्यम वर्ग का जिस प्रकार ख्याल रखा गया है उसके लिए प्रधानमंत्री तथा वित्त मंत्री बधाई के मात्र हैं। भारत आज दुनिया का सबसे तेज गति से विकसित होने वाला राष्ट्र बन गया है। वित्त मंत्री ने भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कदम उठाया है। मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने जिस प्रकार टॉप पर भारत की अर्थव्यवस्था को पहुंचाया है उसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। उन्होंने अपने भाषण में प्रयागराज के महाकुंभ की भी चर्चा की और कहा कि वहां पर चल रहे सांस्कृतिक परंपरा के महाकुंभ में देश विदेश से करोड़ो लोग स्नान के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कुंभ की अच्छी व्यवस्था करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साधुवाद दिया और कहा कि वहां की बेहतर व्यवस्था की वे स्वयं गवाह हैं क्योंकि वे वहां स्नान करके आई हैं। हेमामालिनी ने यह भी कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेजी से काम हो रहा है। मथुरा की सांसद होने के नाते मुझे ठीक से पता है कि मथुरा में भी तीन गुना तेजी से विकास का कार्य हो रहा है तथा उन्होंने इसके लिए मोदी और योगी के प्रति आभार व्यक्त किया।



# गोपाल त्यागी के पिता का दु:खद निधन, पालिका में शोक

### बेसहारा गाय की सेवा करते हुए टक्कर मारने से हुए थे घायल

मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद् के आशु लिपिक गोपाल त्यागी के पिता का मंगलवार अलसुबह इन्दिरा कॉलोनी स्थित आवास पर आकस्मिक निधन हो जाने से शोक का वातावरण बन गया। वो 86 वर्ष के थे और बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पैतृक गांव में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगरपालिका परिषद् दफ्तर में दोपहर में शोक सभा के बाद अवकाश घोषित कर दिया गया। नगरपालिका परिषद् में बतौर चेयरमैन के आशु लिपिक गोपाल त्यागी मूल रूप से छपार क्षेत्र के गांव महरायपुर निवासी हैं। वो अपने परिवार के साथ शहर के कच्ची सड़क पर इन्दिरा कॉलोनी में रह रहे हैं। उनके पिता महावीर सिंह त्यागी गांव महरायपुर में ही रहकर खेती बाड़ी का काम देख रहे थे, लेकिन बीते कई माह से वो गोपाल त्यागी के साथ शहर में रह रहे थे। परिवार के लोगों ने बताया कि महावीर सिंह त्यागी गौभक्त व धर्म परायण व्यक्ति थे। गांव में रहते हुए वो गौवंश की सेवा में लगे रहते थे। कई गौवंश रोजाना सवेरे उनके आवास पर पहुंचते थे। करीब पांच माह पूर्व जब वो बेसहारा एक गाय की सेवा कर रहे थे तो अचानक उन्हें गाय ने टक्कर मार दी थी। इससे उनकी पसली में चोट आ गई और तभी से उनका स्वास्थ्य गिरता चला गया। मंगलवार अलसुबह करीब चार बजे उन्होंने गोपाल त्यागी के आवास इन्दिरा कॉलोनी में अंतिम सांस ली। उनके निधन से शोक का वातावरण बन गया। यहां से उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव महरायपुर में ले जाया गया, जहां पर परिजनों, नाते रिश्तेदारों और सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। आशु लिपिक गोपाल त्यागी के पिताजी के निधन का समाचार मिलने पर नगरपालिका परिषद् में भी शोक सभा का आयोजन करते हुए दिवंगत महावीर त्यागी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए प्रार्थना की गई और इसके बाद पालिका में शोक अवकाश घोषित कर दिया गया। यहां पर मुख्य रूप से एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह, लिपिक अशोक ढींगरा, मैनपाल सिंह, मनोज बालियान, निपुण कन्नौजिया, कैलाश नारायण, गोपीचंद वर्मा, गगन महेन्द्रा, आकाश दीप, संदीप यादव, राजीव वर्मा, प्रवीण कुमार आदि तमाम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## बहराइच : सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

बहराइच, 11 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गयी। यह घटना लखनऊ-बहराइच मार्ग पर करीब बेहड़ गांव के पास हुई, जहां एक कार और डंपर की टक्कर में 3 महिलाओं, सेना के एक जवान और एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा चौराहा निवासी गुलाम हजरत (65) अपनी पत्नी, बहू, एक साल की बच्ची और सेना के एक जवान के साथ लखनऊ दवा लेने जा रहे थे। उनकी कार जब करीम बेहड़ गांव के पास पहुंची तो कैसरगंज की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पड़ोसी ने शीशम के 03 पेड़ काटे

बुढ़ाना, 11 फरवरी (बु.)। राजकुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम लुहसाना ने बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती को बताया कि उसके खेत गांव हुसैनपुर कलां के मौजे में है। उसके चक के बराबर में पड़ोसी समन्दर पुत्र मुन्शी का खेत है। पड़ोसी समन्दर की भूमि में खेती बाड़ी उसका भाई बिजेन्द्र उर्फ छोटा करता है, जो कि बहुत ही चालाक किस्म का व्यक्ति है। जिसने गुन्डागर्दी के बल पर उसके खेत की डोली को काटकर काफी भूमि अपनी भूमि में मिला ली है तथा उसके खेत में खड़े शीशम के 03 पेड़ों को भी काट लिया है। उसने पड़ोसी बिजेन्द्र उर्फ छोटा को खूब समझाने का प्रयास किया, किन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू है। उक्त पीड़ित किसान ने पड़ोसी किसान के खिलाफ बुढ़ाना एसडीएम से कार्यवाही की मांग की है। बुढ़ाना एसडीएम ने पीड़ित को जांच उपरांत कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## जेईई मेन का परिणाम जारी, 14 ने हासिल किया 100% स्कोर

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को जेईई मेन सत्र-1 का परिणाम जारी कर दिया है। एनटीए ने अभी पेपर-1 (बीई/बीटेक) के लिए नतीजों की घोषणा की है। पेपर-2 के नतीजों की घोषणा बाद में की जाएगी। संबंधित उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अपने स्कोरकार्ड देख सकते हैं।

परिणामों की घोषणा के साथ ही एनटीए ने 100% स्कोर पाने वाले छात्रों की सूची भी जारी कर दी है। इस बार कुल 14 छात्रों ने 100 फीसदी स्कोर हासिल किया है। इसमें एनसीआर के दो, उत्तर प्रदेश के दो और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के एक-एक छात्र का नाम शामिल है। सूची में सबसे अधिक नाम राजस्थान से शामिल हैं। 100 फीसदी स्कोर हासिल करने वाले 14 छात्रों में से 5 छात्र राजस्थान से हैं। जेईई मेन सत्र-1 पेपर-1 (बीई/बीटेक) की परीक्षा 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी, 2025 को कुल 304 शहरों में स्थित 618 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। पेपर-1 की परीक्षा के लिए कुल 13,11,544 छात्रों ने पंजीकरण किया था। इनमें से 12,58,136 (95.93 फीसदी) छात्र परीक्षा में शामिल हुए।

## कोर्ट में तारीख पर आई महिला से पति ने की मारपीट

मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी शुमायला के साथ उसके पति ने कोर्ट में की मारपीट। बताया जाता है कि महिला शुमायला का निकाह कुछ वर्ष पहले सिविल लाइन क्षेत्र के इमरान कॉलोनी में हुआ था। निकाह के बाद से ही पति व ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे थे। निकाह के बाद विवाहिता के दो बच्चे हुए मगर उसके बावजूद भी शुमायला का उत्पीड़न नहीं रुका। कुछ महीने पहले उसके मायके वालों ने उसे घर वापस बुलाकर पति पर दहेज व खर्च का मुकदमा कर दिया। आरोप है कि शुमायला का पति ससुरालियों पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है तथा जबरदस्ती अपनी पत्नी के साथ ससुराल में ही जाकर रहने लगा। मंगलवार को जब शुमायला कचहरी में तारीख पर आई तो उसके शौहर ने बिना किसी डर के कोर्ट परिसर में ही उससे मारपीट कर डाली। महिला की गोद में उसका दो साल का बेटा अरहान भी था। मां से मारपीट होते देख वह भी बिलख बिलखकर रोने लगा। मारपीट होते देख वहां भीड़ इकठ्ठा हो गयी और पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी ली।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

मीरापुर, 11 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव सम्भलहेड़ा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मौत की सूचना पर पहुँचे महिला के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतका के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गांव सम्भलहेड़ा निवासी नरेश की पत्नी दीपा दोपहर में अपने घर में बने कमरे से भूसा निकालने गयी थी, किन्तु काफी देर बाद भी वह वापिस नहीं आयी, तो परिजन कमरें में पहुँचे, तो वह मृत पड़ी मिली और उसकी नाक से खून निकलता मिला। महिला की मौत की सूचना परिजनों ने उसके मायके दी, तो मुरादनगर से उसके परिजन भी सम्भलहेड़ा पहुँच गए। यहाँ पहुँचे महिला के मायके वालों ने उसकी नाक से खून निकलते देखा, तो उसकी हत्या की आशंका जताई और डायल-112 पर फोन कर पुलिस को दीपा की हत्या किए जाने की सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि महिला के परिजनों ने डायल 112 पर हत्या की सूचना दी थी, हालांकि मौत गिरने से भी हो सकती है। शव को पोस्टमार्टम के भिजवाया दिया है।